**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## यूजी में 7603 व एमसीए में 80 परीक्षार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

पंतनगर। 04 जून 2023। विश्वविद्यालय में 2023–24 के लिए यूजी व एमसीए के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी। यूजी की प्रवेश परीक्षा अल्मोड़ा, हल्द्वानी, काठगोदाम, पिथौरागढ़, ऋषिकेश, श्रीनगर (पौड़ी–गढ़वाल), देहरादून व पंतनगर परीक्षा केन्द्रों एवं एमसीए की प्रवेश परीक्षा पंतनगर केन्द्र पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार ने बताया कि अल्मोड़ा के केन्द्रों पर 781 में से 106 परीक्षार्थी; देहरादून के केन्द्रों पर 1831 में से 339 परीक्षार्थी; काठगोदाम के केन्द्र पर 500 में से 67 परीक्षार्थी; हल्द्वानी के केन्द्रों पर 1220 में से 219 परीक्षार्थी; पिथौरागढ़ के केन्द्रों पर 665 में से 86 परीक्षार्थी; ऋषिकेश के केन्द्र पर 483 में से 120 परीक्षार्थी; तथा श्रीनगर (पौड़ी–गढ़वाल) के केन्द्र पर 300 में से 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि पंतनगर विश्वविद्यालय के परीक्षा केन्द्रों पर कुल 3294 परीक्षार्थियों में से 494 अनुपस्थित रहे। कुल 9074 परीक्षार्थियों में से 7603 ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। इसी प्रकार एमसीए के लिए पंतनगर परीक्षा केंद्र पर 97 में से 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार 80 परीक्षार्थियों ने एमसीए की प्रवेश परीक्षा में भाग लिया।












*1–5: परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षा देते परीक्षार्थी।*

निदेशक संचार